
## एक नजर में

### ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में नेहरू की जयंती मनाई



**भौंरासा।** ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में देश के पहले प्रधानमंत्री और आधुनिक भारत के निर्माताओं में गिने जाने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नेहरू के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश को वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास की राह दिखाई। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव ने सभी कार्यकर्ताओं को नेहरू के आदर्शों पर चलने और समाज सेवा में सक्रिय रहने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश इनानी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव, पूर्व उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव इरफान मदनी, वरिष्ठ नेता अनिल जयसवाल, पीरू ठेकेदार, महेंद्र यादव, आदि उपस्थित रहे।

### आदिवासी भाइयों का सम्मान किया



**सुन्द्रेल।** जनजाति गौरव दिवस भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर ग्राम सुन्देल में आदिवासी भाइयों का सम्मान किया गया आदिवासी एवं वनवासी समाज के महानायक उनके सम्मान स्वाभिमान स्वतंत्रता और संस्कृति के संरक्षण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में आदिवासी भाइयों का सम्मान भगवा दुपट्टा पहनकर सम्मान पत्र देकर के सम्मानित किया गया ग्राम सुन्देल में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद कि नवांकुर संस्था एस जै वाय एम एवं अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अतिथि के रुप में भाजपा नेता दिनेश पंचोली शिवप्रसाद राठौर पवन हिंदू दीपचंद गवली संतोष मुकाती कचरू राठौर सहित कई आदिवासी भाई उपस्थित थे।

### मेला लगाकर बच्चों ने मनाया बाल दिवस



**कन्नौद।** श्री बालाजी एकेडमी, कन्नौद में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने स्वयं फूड स्टॉल और गेम जोनलगाकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत डायरेक्टर गोविंद गर्ग और प्राचार्य राकेश रवि यादव द्वारा दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती पूजन के साथ हुई। इसके बाद दोनों अतिथियों ने लाल फीता काटकर बाल मेले का शुभारंभ किया। स्कूल परिसर में आयोजित इस बाल मेले में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले का उद्देश्य बच्चों में स्वावलंबन, जिम्मेदारी और रचनात्मकता को बढ़ावा देना रहा।

### मप्र जन अभियान परिषद ने मनाई बिरसा मुंडा जयंती



**सोनकच्छ।** विकासखंड सोनकच्छ में जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था शिव मोहिनी सामाजिक सेवा समिति के सेक्टर चौबारा जागीर के ग्राम भागसरा में आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में जाकर भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम अतिथि के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात अतिथि के रूप में भागसरा पंचायत सरपंच प्रतिनिधि श्री जितेन्द्र सिंह धाकड़ समिति अध्यक्ष नितेश कोटडिया के द्वारा बिरसा मुंडा की जीवनी के बारे में बताया गया सभी उपस्थित आदिवासी लोगों को उनके हक अधिकार के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही बच्चों को शिक्षा देने एवं स्कूल भेजने के लिए निवेदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मेंटर सोहन उपाध्याय समाज सेवक कमल नागर राहुल सेंधव शेकुसिंह भील कुंवर जी,जितेंद्र, रेव सिंह, आदि लोग मौजूद थे अंत में समिति के माध्यम से उनको शाल एवं समाज सेवक अनुराग पाण्डे के द्वारा लंच टिफिन भेट किए गए। आभार परामर्शदाता सोहन उपाध्याय ने माना।

### भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई

**देवास।** अपना अबुआ दिसुम अबुआ राजा का नारा दिया था जिसका मतलब हमारा देश हमारा राजा वे अनूसूचित जनजाति का जल जमीन जंगल पर हमारा राज होना चाहिए वह अंग्रेज सरकार के उपनिवेश वाद के खिलाफ आवाज बुलंद कर आन्दोलन चलाया वे अनुसूचित जनजाति के महान् क्रान्तिकारी स्वतन्त्रता सेनानी थे। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ स्वतन्त्रता आन्दोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे इस कारण उन्हें जेल भेज दिया था जहां उन्होंने कम उम्र में ही अंतिम सांस ली। आज उनके सपनों को साकार करने की आवश्कता है परन्तु हमारे जनजाति समुदाय को जल जमीन जंगल से बर्बरता पूर्वक भगाया जा रहा है। पिछले दिनों ही खिवनि कनोद में बरसों से रह रहे आदिवासियों के घर तोड़ दिए हैं यह आज की सरकार की दोहरी चाल है। एक तरफ आदिवासी गौरव दिवस मना रहे हैं और दूसरी तरफ उनके मकान तोड़े जा रहे हैं। अभी स्कूल स्टाफ की प्रताड़ना से एक अंतरराष्ट्रीय युवा खिलाड़ी छात्र ने आत्महत्या कर ली। उक्त विचार परिषद के अध्यक्ष आत्माराम परिहार ने व्यक्त किए। प्रदेश सचिव मदनलाल जेठवा ने कहा कि हमें भगवान बिरसा मुंडा की जयंती से हम प्रेरणा लेकर संघर्ष करना पड़ेगा। तभी हमे अपना वास्तविक अधिकार मिलेगा। डॉक्टर मुन्ना सरकार ने कहा कि हमें एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी व ऐसी पार्टी से जुड़े जो बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के संविधान केलिए संघर्ष करें। सबसे पहले भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद विशाल पवार राजेश राव का स्वागत किया। आभार व्यक्त करते हुए सत्यवान पाटिल ने माना। सूर्यभान बोरकर, बलवान चौहान, कांतिलाल सोलंकी, राजेश मालवीय आदि उपस्थित थे।

# महात्मा गांधी मार्ग से दो दिन में 108 अतिक्रमण हटाए





**पोकलेण्ड मशीनों, जेसीबी, ट्रेक्टर ट्रॉली व अन्य संसाधनों के साथ कार्रवाई की गई**

**देवास।** शहर के सबसे व्यस्ततम महात्मा गांधी मार्ग के चौडीकरण मे बाधक बन रहे अतिक्रमणों को नगर निगम के अमले के द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से शुक्रवार एवं शनिवार को चलाये गये अभियान के अन्तर्गत 108 अतिक्रमणों को हटाया गया। अभियान आयुक्त दलीप कुमार के नेतृत्व मे शनिवार 15 नवम्बर को पुन जारी रहा। जिसमें सुभाष चौक क्षेत्र से नावेल्टी चौराहे तक 48 पक्के अतिक्रमणों को तोडा गया। इसके पूर्व शुक्रवार 14 नवम्बर को शालीनी रोड जनता बैंक चौराहे से सुभाष चौक तक 60 पक्के अतिक्रमणों को हटाया गया था। अभियान मे निगम द्वारा पोकलेण्ड मशीनों, जेसीबी, ट्रेक्टर ट्राली व अन्य संसाधनों के साथ कार्यवाही की गई। अभियान मे निगम के तकनिकी अमले मे निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, प्र. कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, सौरभ त्रिपाठी, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, सहायक यंत्री मुशाहीद हन्फी, उपयंत्री श्याम सुन्दर रघुवंशी, विजेता पाण्डे, करूणा दशोरिया, तथा स्वच्छता निरीक्षकों एवं अन्य विभागों का अमला एवं निगम गैंग के कर्मचारियों का अमला भी कार्यवाही मे शामिल रहा। आयुक्त के द्वारा अभियान के दौरान निगम अधिकारियों, कर्मचारियों को सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट एवं अन्य संसाधन भी उपलब्ध कराये गये। उल्लेखनिय है कि नगर निगम ने पूर्व मे अतिक्रामकों को विभागीय सूचना पत्र देने के साथ ही क्षेत्रों मे ऐलान भी कराया जाकर सूचना दी गई थी।

निगम प्र. कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती ने बताया कि अभियान रविवार 16 नवम्बर को भी जारी रहेगा।

## अश्लेषा ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पाया तृतीय स्थान




**देवास।** 10 से 14 नवम्बर तक दिल्ली में विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित 36 वीं राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में देवास प्रतिभावान बैडमिंटन खिलाड़ी अश्लेषा तिवारी ने बालिका अंडर-17 आयु वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त कर शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया।

अश्लेषा की इस उपलब्धि पर देवास विधायक गायत्री राजे पवार,पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, नगर निगम सभापति रवि जैन ,एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया, देवास जिला बैडमिंटन एसोसिएशन सचिव अमरजीत सिंह खनूजा ,दिलीप महाजन विभागीय अधिकारी पप्पी मर्सकोले, जावेद पठान, जितेंद्र वर्मा, अजय राणा, इकबाल कुरैशी ने अश्लेषा व उसके माता-पिता मोनू तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी को बधाईयाँ दी। अश्लेषा तिवारी विकास नगर स्थित स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे बैडमिंटन हॉल में प्रतिदिन नियमित रूप से एनआईएस कोच अर्जुन सिंह से प्रशिक्षण ले रही है।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में संकल्प को ब्रॉंज मेडल



**देवास।** राज्य स्तरीय शालेय जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता 7 से 11 नवंबर तक छिंदवाड़ा में आयोजित हुई। जिसमे देवास के संकल्प मालवीय ने उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। कोच रोहित गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के 10 संभागों से करीब 100 से अधिक खिलाड़ियो ने भाग लिया था संकल्प ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए यह मुकाम हासिल किया। खिलाड़ी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता संदीप मालवीय माता अंकिता मालवीय मार्गदर्शक अंतर्राष्ट्रीय कोच दिलीप महाजन को दिया। खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर सभापति नगर निगम रवि जैन, अति पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, बैडमिंटन संघ सचिव अमरजीत सिंह खनूजा, जावेद पठान,पप्पी मस्कले आदि ने शुभकामनाए दी।

## निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक

**देवास।** श्री हरिकृष्ण मानव गौ सेवा संस्थान देवास एवं मुख्य यजमान तथा विश्व हिन्दू परिषद् जिला अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ, ज्ञान गंगा सप्ताह एवं निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर शनिवार को पुराने पुल के पास, ज्योति कॉलोनी, क्षिप्रा में बैठक संपन्न हुई।

## देवास के खिलाड़ी राज्य स्तरीय थांग-टा प्रतियोगिता दतिया में दिखाएंगे दम



**देवास।** राज्य स्तरीय थांग-टा प्रतियोगिता का आयोजन 15 नवंबर 2025 से 19 नवंबर 2025 तक दतिया में किया जा रहा है, जिसमें देवास के चुनिंदा खिलाड़ी विभिन्न वर्गों में अपने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन करेंगे। अंडर 14 बालिका वर्ग में प्राची बीसी, पुर्णा उपाध्याय। अंडर 17 बालिका वर्ग में हंसिका राठौर, मुस्कान राठौर। अंडर 19 बालिका वर्ग में अनुष्का चौधरी। अंडर 17 बालक वर्ग में जिब्राइल पटेल। सभी चयनित खिलाड़ी उज्जैन संभाग का दतिया में प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम के साथ मैनेजर राजीव चौहान एवं कोच विवेक बंजारे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। खिलाड़ियों को रवाना करते समय विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते, तरुण परमार, एशियाई जज प्रवीण ढोबले, आभा फाउंडेशन से रितु व्यास, शिव प्रजापत, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कपिल व्यास, तथा विद्यालय संचालक ज्योति देशमुख, इंद्र नील बनर्जी, सपना जैन, शुभम परमार, उस्मान शेख, सैयद रियाज हसन एवं शकील कादरी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं। इसके साथ ही पुलिस आरक्षक सूरज वर्मा ने भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए जीत के लिए प्रेरित किया। अंत में प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी कोच विवेक बंजारे ने दी।

## पुरुषार्थ के पृष्ठों पर शौर्य की शब्दावली रचने वाले क्रांतिकारी आदिवासी शेर थे बिरसा मुंडा

**आदिवासी होकर जीना सरल नहीं जोहार काव्य संग्रह पुस्तक का विमोचन किया**



**देवास।** आदिवासी समाज द्वारा भोपाल चौराहा स्थित गार्डन में सभी समाजजनों द्वारा राष्ट्नायक भगवान बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती मनाई गई। वरिष्ठजनों द्वारा बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष तथा विद्रोह पर विचार विमर्श किया गया। राकेश देवडे बिरसावादी ने अपने विचार रखते हुए कहा- बिरसा मुंडा का जन्म झारखंड राज्य के उलिहातु में 15 नवंबर 1875 को गरीब मजदूर परिवार में हुआ था।वह बांसुरी बहुत अच्छी बजाते थे और बहुत अच्छे वैद्य भी थे। सन् 1885 में लगान माफी के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध मोर्चा खोला। सन् 1897 से से लेकर सन् 1900 तक अंग्रेजो के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध लड़ा।कोई पूछे कि कौन था बिरसा मुंडा तो कह देना 25 वर्ष की उम्र में 200 साल की ब्रिटिश हुकूमत को नाकों चने चबाने वाला क्रांतिकारी आदिवासी शेर था बिरसा मुंडा।अबुआ दिशुम अबुआ राज यानी हमारे गांव में हमारा राज का नारा बुलंद करने वाले बिरसा मुंडा स्वयं में एक वैचारिक विश्व विद्यालय है जिन्हें शब्दों में समेट पाना संभव नहीं है। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर साहस वीरता और आत्म सम्मान की श्याही से पुरुषार्थ के पृष्ठों पर शौर्य की शब्दावली रची थी। अपने राष्ट्र के प्रति प्रेम और जल जंगल जमीन बचाने के लिए देश के युवाओं में क्रांति उत्पन्न करने का नाम है बिरसा मुंडा। समाजजनों द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता राकेश देवडे बिरसावादी द्वारा लिखी गई किताब आदिवासी होकर जीना सरल नहीं जोहार काव्य संग्रह का विमोचन किया। इस अवसर पर कालु सिंह मंडोदिया,अनिल बरला,महेश रावत, कमल सिंह सिसौदिया, सुमेर सिंह धुर्वे, नितेश नागलोथ, सत्यनारायण देवड़ा सहित कई समाजजन उपस्थित थे।

## 20 पाव देशी मदिरा जब्त, एक गिरफ्तार



**देवास।** 14 नवम्बर को आबकारी टीम द्वारा देवास शहर में गश्त के दौरान बिंजाना, अमोना, बावडिया आदि क्षेत्रों में कार्यवाही की गई जिसमे एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर 20 पाव देशी मदिरा प्लेन का परिवहन करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा गया तथा होटल ढाबों पर 16 केन बियर बरामद की गई कार्यवाही में 03 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत प्पंजीबद् कर विवेचना में लिए गए ,जप्त सामग्री एवं वाहन का बाजार मूल्य लगभग रुपए 67800 है । कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक ,प्रेम यादव , आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रायकवार आबकारी आरक्षक आशीष .अरविंद सैनिक किशोर सिसोदिया ,अनिल अकोडिया एवं अनिल चोहान सम्मिलित रहे, इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा अ .भा . कवि सम्मेलन का आयोजन 21 को

**देवास।** कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा 21 नवंबर को शाम 7.30 बजे से मल्हार स्मृति मंदिर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कलाव्योम की सचिव अपर्णा भोंसले ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध लेखक एवं मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव (आइएएस) पी. नरहरि होंगे। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि जानी बैरागी, राष्ट्रीय ओज कवि देवकृष्ण व्यास तथा प्रसिद्ध श्रृंगार कवयित्री प्रीति पाण्डेय अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम के सूत्रधार राष्ट्रीय वीर रस कवि राकेश दाँगी होंगे।

## विधायक ने किया 62 लाख रुपए लागत के सौंदर्यीकरण एवं पार्क का भूमि पूजन

**स्व जय नारायण यादव होगा पार्क का नाम**



**सतवास ।** वार्ड नंबर 1 स्थित तालाब के सौंदर्यीकरन एवं पार्क निर्माण का आज विधिवत भूमि पूजन बागली विधायक मुरली भँवरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक भंवरा ने कहा कि पार्क का नाम स्व .जयनारायण यादव पार्क रखा जाएगा। तालाब का सुधार और सौंदर्यकरण क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करेगा,सौन्दर्य करन पूर्ण होने पर आकर्षक लगेगा भूमि पूजन कार्यक्रम में पूर्व गौ संवर्धन बोर्ड के उपाध्यक्ष नारायण व्यास, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपी कृष्ण व्यास, जिला उपाध्यक्ष सोहन पटेल,सतनाम सिंघ बग्गा,अंकित जायसवाल, राजेन्द्र यादव , सोनू दरबार, रामविलास जाट, सुदीप शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष बलजीत कौर, सतनाम सिंघ बग्गा,, महिला मोर्चा की रेखा शर्मा, संजना गुर्जर, नगर परिषद उपाध्यक्ष सुमित प्लासया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी चुन्नी लाल जूनवाल एवं जनप्रतिनिधि पार्षद गण मौजूद रहे।

**एक नजर** — कार्यक्रम में 3000 से अधिक लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई

# बिरसा मुंडा की जयंती दो अलग-अलग स्थान पर मनाई



**बागली।** शनिवार को बिरसा मुंडा जयंती बागली क्षेत्र में हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई बागली दशहरा मैदान पर शासकीय तौर पर भगवान बिरसा मुंडा जयंती जनजाति गौरव दिवस के तौर पर मनाई गई जिसमें प्रशासनिक अमले के साथ-साथ भाजपा से जुड़े कई जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान आसपास की आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में अनुयाई आए और यहां आयोजित बिरसा मुंडा जयंती समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए शासकीय रूपरेखा के तहत आयोजित कार्यक्रम में टेंट की व्यवस्था मंच की व्यवस्था भोजन की व्यवस्था शासकीय तौर पर आयोजित की गई वहीं दूसरी ओर पूर्व से घोषित आदिवासी समुदाय संगठनो द्वारा सामूहिक रूप से किशनगढ़ फाटे पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई दोनों ही स्थान पर 12 बजे से लोग आना शुरू हो गए लगभग 1 बजे कार्यक्रम की शुरुआत हो गई अलग-अलगस्थान पर आयोजित कार्यक्रम में 3000 से अधिक लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई हालांकि विश्वस्त सूत्रों के अनुसार यह कार्यक्रम भाजपा और गैर भाजपा संगठन के रूप में बंट गया कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के विषय में अपने-अपने तर्क से उनके योगदान की जानकारी साझा की आदिवासी नेता नंदू सिंह रावत ने बताया कि किशनगढ़ फाटे पर आयोजित कार्यक्रम में 6 तहसीलों के लोग एकत्रित हुए जिनमें उदय नगर बागली सतवास कन्नौद खातेगांव बड़वाह से आए लोग शामिल रहे किशनगढ़ फाटे पर आयोजित कार्यक्रम देर शाम 5 बजे तक चलता रहा दूसरी और बागली मुख्यालय के दशहरा मैदान पर आयोजित कार्यक्रम भी लगभग 3 घंटे चला इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी नप अध्यक्ष महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव के सुपुर्द रही उन्होंने भाजपा से जुड़े आदिवासी नेताओं के सहयोग से और स्वयं के संपर्क से क्षेत्र के सभी अनुयायियों को कार्यक्रम स्थल पर लाने के लिए विगत 6 दिन पूर्व से ही मेहनत शुरू कर दी थी।बागली में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र से जुड़े प्रशासनिक अमले के अधिकारियों के साथ-साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंत्री रोजगार सहायक और अन्य शासकीय सेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे दूसरी ओर किशनगढ़ फाटे पर आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत के सरपंच और सामाजिक तौर पर बने संगठनों के पदाधिकारी दौड़ भाग करते रहे उनका प्रयास भी सफल रहा यहां पर भी 1500 से अधिक अनुयाई एकत्रित हो गए।

## भजन संध्या के रस में डूबेगी देवास की धरा

**देवास।** नर्मदा नायक श्रीमंत तुकोजीराव पवार महाराज साहब की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में देवास की धरती पर आज 16 नवम्बर की शाम एक दिव्य भजन संध्या का आयोजन होने जा रहा है। लंबे समय से चल रही तैयारियां अब पूर्ण हो चुकी हैं और राधागंज स्थित क्लब ग्राउंड में आज बड़े स्तर पर यह भक्ति समागम सजने वाला है। कार्यक्रम सायं सात बजे से प्रारंभ होगा। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष शुभम चौहान द्वारा आयोजित की जा रही इस भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक छोटू सिंह रावणा सांवरिया सेठ और खाटू श्याम के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे, जबकि नितिन बागवान बाबा महाकाल और भगवान शिव की भक्ति से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत करेंगे। इसमें मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र खाटू श्याम जी का गर्भ ग्रह और मनमहेश के रूप में विराजमान बाबा महाकाल राजा रहेंगे। पूरे वातावरण में सांवरिया सेठ की महिमा और महाकाल की दिव्यता की गूंज के साथ एक अलौकिक आध्यात्मिक माहौल बनेगा। इस आयोजन में मुख्य रूप से सांवरिया सेठ मंदिर मंडफिया के मुख्य पुजारी भगवानदास महाराज तथा हिमांशु महाराज मुख्य रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में देवास विधायक गायत्री राजे पवार और महाराज विक्रमसिंह पवार उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील लोकेंद्र दरबार, सुरेंद्र बिरला, वीरेंद्र गोस्वामी, सुनील राठौर, राजेंद्र दरबार, आनंद चौधरी और वीरेंद्र सिसोदिया ने अपील की है कि सभी भक्त आज की इस भव्य भजन संध्या में पहुँचकर सांवरिया सेठ और बाबा महाकाल की भक्ति में डूबें और इस पावन अवसर को सफल बनाएं। उक्त जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम चौहान ने दी।